Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005

Participants : Saroj Shri Daroga Prasad

>

Title : Regarding damages caused due to flood in Poorvanchal Region.

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल जनपद आजमगढ़ की तरफ आकर्ाित करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदयः छोटी बात कहने से सब को बोलने का चांस मिलता है।

श्री दरोगा प्रसाद सरोज : अध्यक्ष महोदय, 21 अगस्त से लेकर 24 अगस्त तक जनपद आजमगढ़ में बरसात हुई है। उसमें आजमगढ़, गाजीपुर, मऊ और बलिया प्रभावित हुआ है। जिस समय मुम्बई में दैवी आपदा आई थी तो लगभग सैंकड़ों लोग मारे गए। दुर्भाग्य की बात है कि उसमें आजमगढ़ के लोग काफी थे। 21 तारीख से लगातार 72 घंटे तक, आजमगढ़ में अनवरत बारिश होती रही। इतनी जन हानि हुई है. इतने पशु मरे हैं और किसानों का इतना नुकसान हुआ जिस की भरपाई नहीं हो सकती है। मैंने नाव से वहां का दौरा किया था। एक तले के नीचे जो लोग सोए थे, वे बह गए। डबल तले तक पानी पहुंच गया था। उनके पास कोई जीने के साधन नहीं हैं। प्रदेश सरकार ने काफी राहत पहुंचायी है। मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने आलू से लेकर नमक तक सारी व्यवस्था किसानों के लिए तत्काल करायी है। मैं चाहता हूं कि जिस तरह से केन्द्र सरकार ने महाराट्र, गुजरात को सहायता की है उसी तरह उत्तर प्रदेश को विशो पैकेज देकर, उसकी सहायता की जाए।